चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

# Chaudhary Charan Singh University, Meerut

दिनांक – 19.09.2026

## प्रेस विज्ञप्ति

**Registration and Admission Schedule for admission in B.A.LLB., B.Com.-LLB. And LLB 3 years Programs in University Campus and Affiliated Colleges**

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर विभाग एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों को सूचित किया जाता है कि उनके यहाँ संचालित बी0ए0 एलएल0बी0, बी0कॉम0 एलएल0बी0 एवं एल0एल0बी0 तीन वर्षीय पाठ्यक्रमों में शैक्षिक सत्र 2026–27 में प्रवेश हेतु पुनः अन्तिम अवसर देते हुऐ आनॅलाईन पंजीकरण दिनांक 20.09.2026 से दिनांक 21.09.2026 तक खोले जा रहें है। अतः अभी तक पंजीकरण से वंचित छात्र/छात्राऐं उक्त पाठ्यक्रमों में दिनांक 20.09.2026 से दिनांक 21.09.2026 तक अपना पंजीकरण अवश्य कर लें। इसी के क्रम में यह भी सूचित किया जाता है कि प्रवेश के लिए इच्छुक, पहले से पंजीकृत (परन्तु अप्रवेशित अभ्यर्थी) एवं नये पंजीकृत अभ्यर्थी उक्त पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु अपने पंजीकरण की हार्डकॉपी सम्बंधित परिसर विभाग एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों (जिनमें प्रवेश के लिए पंजीकरण कराया है) में दिनांक 21.09.2026 से दिनांक 22.09.2026 तक जमा करा दें। दिनांक 23.09.2026 को परिसर विभाग एवं सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान उनके यहाँ अभ्यर्थियों द्वारा उक्त तिथियों में जमा किये गये पंजीकरण फार्मो के आधार पर सम्बंधित पाठ्यक्रम की अर्हता कक्षा की Marks Percentage में Weightages के प्रतिशत (जैसे कि weightages of Ward quota percentage, NCC/NSS etc) को जोड़कर आरक्षण नियमानुसार वरीयता सूची तैयार कर दिनांक 24.09.2026 से दिनांक 25.09.2026 तक का Admission Offer Schedule (महाविद्यालयों/संस्थानों द्वारा) एवं Admission fee Schedule (विश्वविद्यालय परिसर विभाग द्वारा) करके भेजेंगें।

नोट–1:– जिन अभ्यर्थियों ने विश्वविद्यालय परिसर विभागों में बी0ए0 एलएल0बी0 एवं एल0एल0बी0 तीन वर्षीय पाठ्यक्रमों में पंजीकरण कराया है। वे अभ्यर्थी दिनांक 24.09.2026 से दिनांक 25.09.2026 तक अपने login ID एवं Pasword से login करके अवश्य देख लें कि उनके डेशबोर्ड पर प्रवेश शुल्क जमा करने हेतु लिंक उपलब्ध हो गया है या नहीं। जिन अभ्यर्थियों को लिंक उपलब्ध हो गया है (अगर वे उक्त पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु इच्छुक है) तो दिनांक 24.09.2026 से दिनांक 25.09.2026 तक सम्बंधित परिसर विभाग में अपने शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आरक्षण सम्बंधि प्रमाण पत्र आदि के साथ प्रवेश हेतु सम्पर्क अवश्य कर लें।

नोट–2:– जिन अभ्यर्थियों ने केवल विश्वविद्यालय से सम्बद्व महाविद्यालयों/संस्थानों मं संचालित उक्त बी0ए0 एलएल0बी0, बी0कॉम0 एलएल0बी0 एवं एल0एल0बी0 तीन वर्षीय पाठ्यक्रमों में पंजीकरण कराया है उन अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे अभ्यर्थी दिनांक 24.09.2026 से दिनांक 25.09.2026 तक अपने login ID एवं Pasword से login करके अवश्य देख लें कि उनके डेशबोर्ड पर किन महाविद्यालयों का Admission Offer प्राप्त हुआ है। उनमें से जिस महाविद्यालय में अभ्यर्थी प्रवेश हेतु इच्छुक है उस महाविद्यालय का Admission Offer accept करके सम्बंधित महाविद्यालय में प्रवेश लेने हेतु अपने शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आरक्षण सम्बंधि प्रमाण पत्र आदि समस्त पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करते हुए मूल प्रमाण पत्रों के साथ सम्बंधित महाविद्यालयो/संस्थानों में दिनांक 24.09.2026 से दिनांक 25.09.2026 तक प्रवेश हेतु सम्पर्क करेंगें। यहाँ यह भी सूचित किया जाता है कि महाविद्यालयों का Admission Offer accept करने के लिए अभ्यर्थियों को रजिस्ट्रड ई–मेल पर OTP जाऐगा। उसी OTP से अभ्यर्थियों को Offer letter acceptance को validate करना होगा।

दिनांक 24.09.2026 से दिनांक 25.09.2026 तक महाविद्यालय/संस्थान एवं परिसर विभाग उनके यहाँ संचालित उक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु Admission Offer accept करने वाले अभ्यर्थियों के शैक्षणिक एवं अन्य अभिलेखों की जाँच कर प्रवेश कन्फर्म करेंगें।

इसी क्रम में अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उक्त पाठ्यक्रमों में पंजीकृत अभ्यर्थी दिनांक 20.09.2026 से दिनांक 22.09.2026 तक अपने पंजीकरण फार्म में Academic details and weightage में अगर कोई त्रुटि है तो अभ्यर्थी अपनी लॉगइन आई0डी0 से लॉगइन करके अपडेट कर सकते है।

इसी के साथ यह भी सूचित किया जाता है कि सत्र 2026–27 हेतु उक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए यह पुनः अन्तिम अवसर प्रदान किया जा रहा है इसके बाद उक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु प्रवेश प्रक्रिया पूर्णता बंद कर दी जाऐगी। अतः परिसर विभाग एवं महाविद्यालय/संस्थान उनके यहाँ संचालित पाठ्यक्रमों की सभी रिक्त सीटों पर प्रवेश पूर्ण कर लें।

19/09/26

प्रवेश समन्वयक

Scanned with OKEN Scanner